05/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में पुलिस महानिदेशक डॉ. शिव दर्शन सिंह जामवाल के साथ राज्य की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। तिराप-चाङलाङ-लोङदिङ - TCL क्षेत्र के विशेष संदर्भ में राज्यपाल ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए जनविश्वास सबसे महत्वपूर्ण आधार है, जिसे निरंतर संवाद, पारदर्शिता और निष्पक्ष कार्रवाई के माध्यम से मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने TCL क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती तथा पुलिस थानों और चौकियों के रणनीतिक स्थानों की समीक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने सीमा पर बॉर्डर फ़ैंसिंग के शीघ्र क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सुरक्षित सीमा देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए अत्यावश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों से समन्वित प्रयास करते हुए इस प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता और तत्परता के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

गत पच्चीस अप्रैल को स्थानीय चक्रवाती परिस्थितियों के कारण तेज हवाओं की वजह से, POWERGRID के स्वामित्व वाली एक सौ बत्तीस केवी ट्रांसमिशन लाइन के लोकेशन नंबर तीस पर स्थित टावर

A और D को भारी नुकसान पहुँचा है। यह लाइन पान्योर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्लांट के होज पावर हाउस और ज़ीरो एक सौ बत्तीस बाई तैतीस केवी सब-स्टेशन के बीच, अरुणाचल प्रदेश के केई पान्योर ज़िले के पोसा गाँव के पास स्थित है। प्रभावित टावरों के और अधिक संरचनात्मक नुकसान तथा पास के टावरों तक नुकसान फैलने को रोकने के लिए तुरंत मरम्मत कार्य आवश्यक है। जिसे ध्यान में रखते हुए, North Eastern Regional Power Committee द्वारा आगामी सात मई 2026 से आठ से दस दिनों के लिए प्रभावित ट्रांसमिशन लाइन का लगातार शटडाउन स्वीकृत किया गया है, ताकि मरम्मत कार्य किया जा सके। इस शटडाउन अवधि के दौरान कई पान्योर, क्रा दादी, कुरुङ कुमे, लोअर सुबनसिरी, कामले, अपर सुबनसिरी, लेपा रादा, लोअर सियाङ, वेस्ट सियाङ, सियाङ और ईस्ट सियाङ जिलों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। यह प्रभाव स्थानीय लोड शेडिंग और कम वोल्टेज के रूप में देखा जा सकता है। प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं और आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न बाधा और असुविधा को समझते हुए सहयोग करें।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्यसभा सांसद नाबाम रेबिया, कैबिनेट सहयोगी बालो राजा तथा मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता के साथ अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित गैर-मंत्रालयी

तकनीकी परीक्षा 2025 के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वीकृत दो सौ पच्चीस पदों में से एक सौ तीरासी पद परीक्षा के माध्यम से भरे गए, जिनमें एक सौ छियासठ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें APCS और UPSC जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी प्रोत्साहित किया।

0000000000000000000000

युवाओं को NCC से जुड़ने तथा सशस्त्र बलों और पुलिस में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से, अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) में योगदान के लिए आज ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में एसोसिएट NCC अधिकारी (ANOs) एवं कैडेट्स को सम्मानित किया गया। आठ एसोसिएट NCC अधिकारियों को NCC गतिविधियों के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए प्रत्येक को पचास हज़ार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही चालीस NCC कैडेट्स को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों के लिए प्रत्येक को चालीस हज़ार रुपये प्रदान किए गए।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के व्यापार एवं वाणिज्य विभाग ने बीस नामांकित प्रतिभागियों के चौथे बैच को कोलकाता स्थित Indian Institute of Foreign Trade में आयोजित पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रायोजित किया है। यह संस्थान भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश के संभावित उद्यमियों के लिए निर्यात प्रक्रियाओं और दस्तावेज़ीकरण पर केंद्रित है। जिसका उदघाटन सोमवार को IIFT कोलकाता परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम व्यापार एवं वाणिज्य विभाग द्वारा XCELL Centre for Export Facilitation के सहयोग से आयोजित किया गया है।

0000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, दोइमुख में आज अरुणाचल पैनोरमा फेस्टिवल 2026 के नौवें संस्करण का शुभारंभ हुआ। यह एक सांस्कृतिक एवं युवा महोत्सव है, जिसका आयोजन राजीव गांधी विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर 'Ancestral Hearth: Sharing Our First Stories; the Origin of the Universe' विषय पर एक सेमिनार का भी आयोजित की गई।

0000000000000000000000

ईटानगर स्थित वन एपी बटालियन NCC कैडेट्स के लिए कमांडिंग ऑफिसर के नेतृत्व में चलाया गया 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम

अपर सुबनसिरी जिले के मेचे मार्दे गांव में सामुदायिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस पहल के माध्यम से कैडेट्स ने स्वच्छता, जागरूकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में भाग लिया।

0000000000000000000000